CEPC
CARPET EXPORT PROMOTION COUNCIL, INDIA
कालीन निर्यात संवर्धन परिषद
CARPET EXPORT PROMOTION COUNCIL
(Set up by Ministry of Textiles, Govt of India)
Registered Office: Shree Jee Complex, Shop No T3, Sharma Market, Harola, NOIDA, (U.P.)
Working Office: 2nd Floor, Rajiv Gandhi Handicrafts Bhawan, Baba Kharak Singh Marg, New Delhi – 110001
Tel.: +91-11-23364716, 23364717, **Website:** www.cepc.co.in, **E-Mail :** info@cepc.co.in
Regional Office: Bypass Road, Hariyawan, Bhadohi, Uttar Pradesh - 221401
Regional Office: IICT Campus, Baghi Ali Mardan Khan, Nowshera, Srinagar - 190011 (J & K)
Website of Ministry of Textiles: www.texmin.nic.in

कालीन निर्यात संवर्धन परिषद ने बुनकरो को दवाए एवं राशन वितरित किया

जैसा की आप सभी अच्छी तरह जानते हैं कि पूरा देश महामारी COVID-19 (कोरोना) के खिलाफ लड़ रहा हैं और देश एक विकट स्थिति से गुजर रहा हैं । माननीय प्रधान मंत्री ने COVID-19 के खिलाफ लड़ने के लिए एक विशेष पीएम केयर फ़ंड बनाया है और इस नेक काम के लिए पूरा देश उदारता से समर्थन कर रहा हैं । भारत सरकार द्वारा स्थापित एक जिम्मेदार निकाय के रूप में, कालीन निर्यात संवर्धन परिषद ने इस नेक काम मे उदारता से भाग लिया और पीएम केयर फ़ंड मे 10 लाख और उ॰ प्र॰ मुख्य मंत्री राहत कोश मे 5 लाख दान दिया। परिषद के सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने भी अपने एक दिन वेतन पीएम केयर फ़ंड मे दान दिया है।

हालांकि सरकार स्थिति को सामान्य करने की पूरी कोशिश कर रही हैं, लेकिन कालीन उद्योग क्षेत्र मे कार्यरत कारीगरों और उनके परिवारों की स्थिति अच्छी नहीं है और उन्हें उचित स्वास्थ्य सुविधा एवं राशन के लिए समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

श्री सिद्ध नाथ सिंह अध्यक्ष कालीन निर्यात संवर्धन परिषद तथा प्रशासनिक समिति के सभी सदस्यो ने यह निर्णय लिया हैं कि परिषद भदोही, मिर्जापुर और श्रीनगर तीनों जिलों मे बुनकरों और उनके परिवारों के लिए दवाओ और राशन के लिए के लिए 1-1-1 लाख रुपये की सहायता देने के लिए हाथ आगे बढ़ाएगी ।

5 अगस्त, 2020 को श्रीनगर स्थित सीईपीसी के क्षेत्रीय कार्यालय में **श्री उमर हमीद**, द्वितीय उपाध्यक्ष, सीईपीसी, **श्री शेख आशिक** अहमद सदस्य सी.ओ.ए एवं अध्यक्ष कश्मीर चैंबर ऑफ कॉमर्स ., **श्री गुलाम नबी भट** सदस्य सी.ओ.ए के नेतृत्व मे गरीब बुनकरो और उनके परिवारों को राशन और दवाइयों वितरण के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया ।

श्री शाहिद चौधरी, आइ॰ ए॰ एस॰ , उपायुक्त श्रीनगर, श्री हनीफ बल्की, अतिरिक्त विकास आयुक्त, श्री जहांगीर बक्सी , मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीनगर और जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित हुए। श्री चौधरी ने श्रीनगर के बुनकरों के सहयोग मे उदारता से दान करने के लिए कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के प्रयासों की सराहना की। आगे उन्होंने **एक अद्वितीय बड़े आकार के 35 × 70 हस्तनिर्मित कालीन** के बारे में उल्लेख किया जो की जिला बारामूला में बहुत जल्द तैयार हो रहा है।

श्री उमर हामिद, द्वितीय उपाध्यक्ष, सीईपीसी ने सभी अधिकारियों का गुलदस्ते के साथ स्वागत किया और उल्लेख किया कि यह कालीन निर्यात संवर्धन परिषद का सोभाग्य है कि जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने वितरण समारोह मे शिरकत की और अपना बहुमूल्य समय दिया। उन्होंने इस नेक काम एवं शानदार विचार के लिए कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष श्री सिद्ध नाथ सिंह जी को धन्यवाद दिया।

श्री शेख आशिक अहमद, सदस्य सीओए सीईपीसी और अध्यक्ष, कश्मीर चैंबर ऑफ कॉमर्स ने उपस्थित गणमान्य लोगों को औपचारिक धन्यवाद दिया और श्रीनगर के बुनकरों की मदद के लिए अध्यक्ष सीईपीसी के प्रयासों की सराहना की।

अपने संदेश मे **श्री सिद्ध नाथ सिंह** अध्यक्ष कालीन निर्यात संवर्धन परिषद ने प्रशासनिक समिति के सदस्यो का कार्यक्रम को सफल बनाने मे उनके सहयोग का धन्यवाद दिया । महोदय ने श्री शाहिद चौधरी, आइएएस, उपायुक्त श्रीनगर, श्री हनीफ बल्की, अतिरिक्त विकास आयुक्त, श्री जहांगीर बक्सी , मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उनकी उपस्थिती के लिए धन्यवाद दिया । उन्होने **श्री उमर हमीद**, द्वितीय उपाध्यक्ष, सीईपीसी, **श्री शेख आशिक अहमद** सदस्य सी.ओ.ए एवं अध्यक्ष कश्मीर चैंबर ऑफ कॉमर्स., **श्री गुलाम नबी भट** सदस्य सी.ओ.ए को घाटी के बुनकरो के हित मे इस प्रकार के नेक कार्यकर्म के आयोजन मे अपना बहुमूल्य समय देने के लिए भी धन्यवाद दिया ।

सीईपीसी के अधिशासी निदेशक, **श्री संजय कुमार** ने पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि परिषद जरूरत के समय कारीगरों और के अपने परिवारों के समर्थन मे मजबूती से खड़ा है